सं.ए-42018/28/2021-स्था.
भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

कमरा नं. 517, 5 वां तल, बी-2 विंग,
पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन,
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003

**अनुशेष (परिशिष्ट)**

कोविड-19 के प्रकोप के कारण उत्पन्न हुई वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में पूर्णत: अनुबंध के आधार पर वरिष्ठ परामर्शदाता / परामर्शदाता के पद पर भर्ती के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 14.02.2022 तक बढ़ा दी गई है।**

2. तथापि, पात्रता मानदंड, आयु सीमा, अर्हता आदि सहित अन्य सभी निबंधन और शर्तें अपरिवर्तित हैं और इन्हें 8 से 14 जनवरी, 2022 के रोजगार समाचार और विभाग की वेबसाइट www.disabilityaffairs.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

3. आवेदन को सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ **14 फरवरी, 2022** तक अधोलिखित अधिकारी को भेजा जा सकता है -

**श्री सुनील कुमार महतो,**
अवर सचिव (स्था.),
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग,
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय,
5वां तल, बी-2 विंग, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन,
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी, नई दिल्ली – 110003

4. ऑनलाइन आवेदन (सिंगल पीडीएफ डॉक्यूमेंट में) vacancyconsultant20@gmail.com पर मेल के माध्यम से भेजा जा सकता है ।

दिनांक 27.01.2022

फ़ा.सं: ए- **42018/28/2021-**सथापना

**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग**

कमरा नंबर 517, 5वां तल, बी–2 विंग
पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन,
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली 110003

**रिक्ति सूचना**
**************

वरिष्ठ सलाहकार /सलाहकार की शुरू में एक वर्ष की अवधि (बढाई जा सकती है) के लिए पूर्णतया अनुबंध आधार पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता मानदंड और अन्य नियमों और शर्तों के बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाइट (www.disabilityaffairs.gov.in) पर देखी जा सकती है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार निर्धारित प्रोफॉर्मा में अपने आवेदन 15 जनवरी, 2022 तक अधोहस्ताक्षरी को पता:- **कमरा न. 517, पांचवा तल, बी-2 विंग, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली 110003** पर भेज सकते हैं।

**(**सुनील कुमार महतो**)**
अवर सचिव, भारत सरकार

सं. ए-42018/28/2021-स्थापना

**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग**

5 वीं मंजिल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन,

सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003

दिनांक 25 दिसम्बर, 2021

**विषय: दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में संविदा के आधार पर जनशक्ति के नियोजन के संबंध में सूचना।**

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, विभाग में संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करता है जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

| क्रम सं. | पद विवरण | आवश्यक योग्यता | वांछित अनुभव | परिवहन भत्ते सहित मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पद पहचान के लिए विशेष परामर्शदाता<br>पद की संख्या: 01 | केंद्र सरकार के उप सचिव या अवर सचिव स्तर के सेवानिवृत्त अधिकारी<br>या<br>सरकारी क्षेत्र में तीन वर्ष के प्रासंगिक अनुभव के साथ सामाजिक कार्य / सामाजिक विज्ञान में एम.ए. । | क) नीतिगत मामलों/सामान्य प्रशासन/कानूनी मामलों/अदालती मामलों आदि से संबंधित कार्य को संभालना ।<br>ख) दिव्यांगता क्षेत्र का अनुभव, सरकारी कार्यप्रणाली की समझ व अनुभव ।<br>ग)) कंप्यूटर विशेष रूप से एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस पावर प्वाइंट आदि के प्रयोग संबंधी कार्यसाधक ज्ञान । | ₹ 70,000/- |
| 2. | वरिष्ठ परामर्शदाता<br>पद की संख्या: 01 | केंद्र सरकार के उप सचिव या अवर सचिव स्तर के सेवानिवृत्त अधिकारी | क) नीतिगत मामलों/सामान्य प्रशासन/कानूनी मामलों/अदालती मामलों आदि से संबंधित कार्य को संभालना ।<br>ख) कंप्यूटर विशेष रूप से एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस पावर प्वाइंट आदि के प्रयोग संबंधी कार्यसाधक ज्ञान । | ₹ 60,000/- |
| 3 | निर्मित वातावरण की सुगम्यता के लिए वरिष्ठ परामर्शदाता<br>(सुगम्य भारत अभियान)<br><br>पद की संख्या: 01 | सिविल में बी.ई./बी.आर्क./ बी. प्लानिंग तथा सरकारी क्षेत्र में तीन वर्ष का प्रासंगिक अनुभव | क) विभिन्न मंत्रालयों/विभागों, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकार, एनआई/सीआरसी आदि के साथ समन्वय करना ।<br>ख) विभाग की विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों को प्रोसेस करना।<br>ग) एक्सेस ऑडिट और समन्वय कार्य से संबंधित डेटा का संकलन।<br>घ) नीतिगत मामलों/सामान्य प्रशासन/कानूनी मामलों, अदालती | ₹ 60,000/- |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | मामलों आदि से संबंधित कार्य को संभालना।<br>ड.) कंप्यूटर विशेष रूप से एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस पावर प्वाइंट आदि के प्रयोग संबंधी कार्यसाधक ज्ञान। | |
| 4 | सोशल मीडिया के लिए वरिष्ठ परामर्शदाता<br>पद की संख्या: 01 | सरकारी क्षेत्र में तीन साल के प्रासंगिक अनुभव के साथ जनसंचार/ पत्रकारिता में बी.ए.। | क) विभिन्न मंत्रालयों/विभागों, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकार, एनआई/सीआरसी आदि के साथ समन्वय करना।<br>ख) विभाग में मीडिया प्रस्तावों को प्रोसेस करना।<br>ग) वेब आधारित तकनीक में अच्छा ज्ञान होना चाहिए। | ₹ 60,000/- |
| 5 | वरिष्ठ परामर्शदाता<br>पद की संख्या: 01 | चार्टर्ड अकाउंटेंट के साथ लेखा, वित्त, बैलेंस शीट तैयार करने का दो वर्ष का अनुभव तथा इंड-एएस सहित वित्तीय विवरणों की जानकारी<br>या<br>कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों की जानकारी रखने वाले कंपनी सचिव | क) लेखा, वित्त, बैलेंस शीट तैयार करने, इंड-एएस सहित वित्तीय विवरणों की जानकारी में दो साल का अनुभव | ₹ 60,000/- |
| 6 | समझौता ज्ञापनों के लिए वरिष्ठ परामर्शदाता<br>पद की संख्या: 01 | अनुभाग अधिकारी के स्तर के केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारी<br>या<br>सामाजिक विज्ञान / सामाजिक कार्य में एम.ए. के साथ सरकारी क्षेत्र में तीन साल का प्रासंगिक अनुभव | क) विभिन्न मंत्रालयों/विभागों, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकार, एनआई/सीआरसी आदि के साथ समन्वय करना।<br>ख) विभाग की विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों को प्रोसेस करना।<br>ग) पीडब्ल्यूडी और समन्वय कार्य के लिए समुदाय आधारित पुनर्वास से संबंधित डेटा का संकलन..<br>घ) नीतिगत मामलों/सामान्य प्रशासन/ कानूनी मामलों, अदालती मामलों आदि से संबंधित कार्य को संभालना।<br>ड.) कंप्यूटर विशेष रूप से एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस पावर प्वाइंट आदि के प्रयोग संबंधी कार्यसाधक ज्ञान। | ₹ 60,000/- |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | परामर्शदाता (सूचान प्रौद्योगिकी) पद की संख्या: 01 | सूचना प्रौद्योगिकी में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री | क) वेब डिज़ाइन और डेवलपमेंट में वेब डेवलपमेंट/सर्टिफ़िकेट में 3+ वर्ष का अनुभव वांछनीय है। | ₹ 45,000/- |

2. अनुबंध की अवधि प्रारंभ में एक वर्ष के लिए होगी जिसे कार्यालय की आवश्यकता और उम्मीदवार के प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है। यदि नियोजित व्यक्ति का कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो विभाग के विवेक पर किसी भी समय अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

3. दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पास बिना कोई कारण बताए आवेदनों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

4. आवेदक की आयु **31 दिसंबर, 2021** को **63 वर्ष या उससे कम** होनी चाहिए। परामर्शदाता से संबंधित मुद्दों के लिए निबंधन एवं शर्तें विभाग के बनाए गए दिशानिर्देशों और समय-समय पर यथासंशोधित द्वारा विनियमित होंगी।

5. **इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन संलग्न प्रारूप में अवर सचिव (प्रशासन), दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, 5 वीं मंजिल, बी -2 विंग, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003 को भेजें।**

6. आवेदक के पास एक वैध व्यक्तिगत ईमेल आईडी होनी चाहिए, जिसे इस नियुक्ति प्रक्रिया के पूरा होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए। विभाग सभी संचार पंजीकृत ई-मेल आईडी के माध्यम से भेजेगा। यदि किसी उम्मीदवार के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी नहीं है, तो उसे आवेदन करने से पहले अपनी नई ई-मेल आईडी बनानी चाहिए और उस ईमेल खाते को बनाए रखना चाहिए।

7. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी, 2022 है।

संलग्नक : आवेदन के लिए निर्धारित प्रारूप।

(सुनील कुमार महतो)
अवर सचिव, भारत सरकार

प्रति,

1. केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
2. विभाग की वेबसाइट के माध्यम से व्यापक प्रचार (i.e. disabilityaffairs.gov.in)
3. विभाग के अवर सचिव (मीडिया) को अंग्रेजी भाषा के एक प्रमुख समाचार पत्र और साप्ताहिक रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशित करने के अनुरोध के साथ

<u>जीवन –वृत्त</u>

| हाल ही में खिंचवाया गया पासपोर्ट आकार का फोटो |
|---|

**क. आवेदित पद :**

**(कृपया आवेदित पद के नाम का उल्लेख करें)**

**ख : व्यक्तिगत जानकारी:**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पूरा नाम(स्पष्ट अक्षरों में) | |
| 2. | पिता/पति का नाम | |
| 3. | पत्राचार के लिए पता | |
| 4. | टेलीफोन/मोबाइल नं. | |
| 5 | ई-मेल आईडी (सक्रिय रखा जाए) | |
| 6. | जन्म –तिथि | |
| 7. | 31/12/2021 को वर्तमान आयु | |
| 8. | 10 वीं कक्षा से शैक्षिक योग्यता (कृपया प्रमाण पत्र/अंक-तालिका की प्रति संलग्न करें) | |
| 9. | व्यावसायिक योग्यता | |

ग. वैध दस्तावेजी साक्ष्य के साथ पिछले रोजगार/अनुभव का विवरण (कालानुक्रमिक क्रम में)

| संगठन का विवरण | रोजगार अवधि | किए गए कार्य की प्रकृति | आहरित अंतिम वेतन |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

घ. प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दी गई सूचना मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है। मैं समझता/समझती हूँ कि यदि ऊपर दी गई कोई भी सूचना असत्य पाई जाती है, तो नियुक्ति के पहले या बाद में किसी भी स्तर पर मेरी नियुक्ति रद्द की जा सकती है और मेरे विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

हस्ताक्षर

संलग्नक:

दिनांक: